BHADOHI POLICE

सराहनीय कार्य

जनपद भदोही **दिनांक-06.03.2025**

◆थाना कोईरौना पुलिस टीम को मिली महत्वपूर्ण सफलता

◆केवाईसी करने का झांसा देकर, छलपूर्वक अंगूठा निशान लगवाकर बैंक खातों से रुपयों की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

◆ठगी की घटना में शामिल एयरटेल पेमेंट बैंक व फिनो बैंक की फ्रेंचाइजी चलाने वाले दो शातिर फ्रॉड चढ़े पुलिस के हत्थे

◆कब्जे से फ्रेंचाइजी के दो अदद रजिस्टर व थम्ब इंप्रेशन डिवाइस बरामद

◆गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की, की जा रही जांच

दिनांक 25.12.2024 को वादी मुकदमा श्री वंशराज सरोज निवासी सोनईचा द्वारा थाना कोईरौना पर सूचना दिया गया कि मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्ति घर पर आए तथा प्रधानमंत्री आवास योजना में केवाईसी करने के नाम पर झांसा देकर थम्ब इंप्रेशन मशीन पर अंगूठे का निशान लगवा लिए फिर ओटीपी पूछ कर दो बैंक खातों से ₹5,000/- व ₹2,000/- फ्रॉड कर लिए हैं। उक्त सूचना पर तत्समय ही आरोपियों के विरुद्ध मु0अ0सं0-128/2024 धारा-318(4) बी.एन.एस. का अभियोग पंजीकृत करते हुए विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई।

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पंजीकृत अभियोग के अनावरण व ठगी की घटना में शामिल अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में आज दिनांक-06.03.2025 को थाना कोईरौना पुलिस टीम द्वारा केवाईसी करने के नाम पर छलपूर्वक थम्ब मशीन पर अंगूठा निशान लगवा कर बैंक खातों से रुपयों की ठगी करने वाले दो अभियुक्तों- आशीष कुमार दुबे पुत्र दिनेश कुमार दुबे निवासी बलापुर, रोही थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 35 वर्ष व विपिन पाण्डेय पुत्र स्व0 मनोज कुमार पाण्डेय निवासी ग्राम सारीपुर उमरपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 32 वर्ष को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा के अभियुक्तों के कब्जे से फ्रेंचाइजी के दो अदद रजिस्टर व थम्ब इंप्रेशन डिवाइस बरामद किया गया है।

गिरफ्तारशुदा दोनों अभियुक्त एयरटेल पेमेंट बैंक व फीनो बैंक फ्रेंचाइजी के अभिकर्ता हैं। उक्त गिरफ्तारी के आधार पर पंजीकृत अभियोग में धारा 316(5) बी.एन.एस. की बढ़ोत्तरी करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच की जा रही है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों का नाम व पता

1.आशीष कुमार दुबे पुत्र दिनेश कुमार दुबे निवासी बलापुर, रोही थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 35 वर्ष

2.विपिन पाण्डेय पुत्र स्व0 मनोज कुमार पाण्डेय निवासी ग्राम सारीपुर उमरपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 32 वर्ष

बरामदगी

फ्रेंचाइजी के दो अदद रजिस्टर व थम्ब इंप्रेशन डिवाइस

गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

श्री रामसरीख गौतम प्रभारी निरीक्षक कोईरौना, उ0नि0 राजेंद्र प्रसाद यादव, उ0नि0 अशोक सिंह, मुख्य आरक्षी छट्ठू लाल गुप्ता व आरक्षी संदीप कुमार थाना कोइरौना जनपद भदोही